## राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव, सुजानपुर टीहरा–2026 के आयोजन हेतु श्री अभिषेक कुमार गर्ग (भा0प्र0से0), अतिरिक्त उपायुक्त, जिला हमीरपुर की अध्यक्षता में होली उत्सव में बाबत विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियां दिनांक 18 फरवरी, 2026 को समय 10:30 बजे सम्पन्न हुई बैठक की कार्यवाही।

**बैठक में निम्नलिखित अधिकारीगण व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।**

| कमांक | अधिकारी का नाम व पद | विभाग | मो0 न0 |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री अभिषेक ठाकुर, जिला कोषाधिकारी | जिला कोषागार | 97189–18165 |
| 2 | श्री संतोष कुमार, जिला भाषा अधिकारी हमीरपुर | भाषा, कला और संस्कृति | 82196–24178 |
| 3 | डा0 राज कुमार खण्ड चिकित्सा अधिकारी | चिकित्सा | 94181–19798 |
| 4 | श्री कुलदीप सिंह चौहान, बाल विकास एवं संरक्षण अधिकारी | महिला एवं बाल विकास | 94180–45475 |
| 5 | श्रीमति पूजा, संचालक किड कैच प्ले स्कूल सुजानपुर | किड कैच प्ले स्कूल सुजानपुर | 78319–18094 |
| 6 | श्रीमति समिक्षा शर्मा, डीडीएमए | उपायुक्त कार्यालय | 70186–51916 |
| 7 | डा. उमा देवी, संगीत प्रोफसर | रा0सना0 विद्यालय सुजानपुर | 94183–54772 |
| 8 | श्रीमति शिवाली राठौर, संगीत प्रोफसर | कैरियर प्वांईट यूनिवर्सिटी भोरंज | 70182–54412 |
| 9 | डा0 अमृत लाल शर्मा, संगीत प्रोफसर | रा0सना0 विद्यालय नादौन | 88921–00077 |
| 10 | श्री हर्ष, ड्रामाटिक | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर | 87389–23261 |
| 11 | श्री आर्यन, संगीत | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर | 85273–01824 |
| 12 | श्री निशांत, कला | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर | 82195–54828 |
| 13 | श्री अविशीट, रोबोटिक | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर | 75189–05006 |

सर्वप्रथम अतिरिक्त उपायुक्त महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों व अन्य गणमान्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय द्वारा होली उत्सव में विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों हेतू बैठक की कार्यवाही शुरू की गई तथा निम्नलिखित मदों पर विचार–विमर्श किया गया:–

जैसा कि विदित है कि इस बार राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव–2026 का आयोजन 01 मार्च, 2026 से 04 मार्च, 2026 तक आधिकारिक तौर पर सुजानपुर टीहरा के ऐतिहासिक चौगान में किया जा रहा है जिसमें चार दिन अलग–अलग सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित सभी गणमान्यों को मेले के चारों दिन की गतिविधियां बारे विस्तारपूर्वक बताया गया जो निम्न प्रकार से हैं:–

| कमांक | 01.03.2026 | 02.03.2026 | 03.03.2026 | 04.03.2026 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कवि सम्मेलन | बेबी शो | गुगा गाथा | फलैश मौब |
| 2 | भक्ति रस प्रवाह | जिला स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता | नाट्य धाज़ा | होली गुलाल मनोरंजन कार्यक्रम |
| 3 | मुशैहरा | डिवोशनल डान्स | ड्रामाटिक्स | बैटल बैंड |
| 4 | स्थानीय कलाकार | स्थानीय कलाकार | स्थनीय कलाकार | स्थानीय कलाकार |
| 5 | दीया प्रज्जवलित एवं आकाश लालटेन | पुलिस हारमोनी बैंड | आवाज़–ए–हमीरपुर | हिमाचली स्टार आर्टिस्ट |
| 6 | एनआईटी म्यूजिक बैंड | स्टार आर्टिस्ट | फैशन शो | |
| 7 | ड्रोन शो | | व्यास आरती | |
| 8 | स्टार आर्टिस्ट | | शैडो एक्ट | |
| | | | स्टार आर्टिस्ट | |

खण्ड चिकित्सा अधिकारी सुजानपुर द्वारा महोदय को अवगत करवाया गया कि बेबी शो में 0–1 वर्ष, 1–3 वर्ष और 3–5 वर्ष के बच्चों को उक्त शो में सम्मिलित किया जाता है। बच्चों के द्वारा अन्य गतिविधियों के अलावा चिकित्सा सम्बन्धी गतिविधियां भी करवाई जाती है तथा ईनाम आदि वितरित किये जाते हैं। इसके अतिरिक्त प्राथमिक उपचार व एक्सरे आदि सम्बन्धी कैम्प का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें एचआईवी, टीबी आदि गम्भीर बीमारियों का पता लगाकर आगामी आवश्यक कार्रवाई अम्ल में लाई जाती है। मेले में लगे स्टॉल का भी चिकित्सा विभाग द्वारा औचक निरीक्षण किया जाता है।

अध्यक्ष महोदय द्वारा खण्ड चिकित्सा अधिकारी सुजानपुर तथा किड कैच प्ले स्कूल संचालक सुजानपुर को निर्देश दिये गये कि बेबी शो का आयोजन दिनांक 02/03/2026 को समय 9:00 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित करवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही किड कैच प्ले स्कूल संचालक को जिला प्रशासन हमीरपुर का बैनर की रूप रेखा तैयार करने बारे निर्देश दिये तथा तैयार किये गये बैनर को छपवाने से पहले जिला प्रशासन को सूचित करना सुनिश्चित करें।

अध्यक्ष महोदय द्वारा खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बाल विकास एवं संरक्षण अधिकारी व संचालक किड कैच प्ले स्कूल सुजानपुर को आग्रह किया गया कि उक्त शो का आयोजन बारे समय का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां का संचालन अच्छी तरह से हो सके। इसके साथ ही खण्ड चिकित्सा अधिकारी सुजानपुर को निर्देश दिये कि वे 9:00 बजे से पहले ही बेबी शो से सम्बन्धित सभी ऑपचारिकताएं पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस सम्बन्ध में गठित समिति द्वारा अध्यक्ष महोदय को उक्त शो को निर्धारित समय में आयोजित करवाने बारे आश्वासित किया गया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा जिला भाषा अधिकारी को निर्देश दिये गए कि स्थानीय कलाकारो के जो ऑडिशन दिनांक 20, 21 व 23 फरवरी 2026 को निर्धारित किये गये है उसे दिनांक 23, 24 व 25 फरवरी को करवाना सुनिश्चित करें। जिला भाषा अधिकारी इस बारे जिला लोक सम्पर्क अधिकारी हमीरपुर से समन्वय स्थापित करके आज ही आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें, ताकि विभिन्न

समाचार पत्रों के माध्यम से प्यापक प्रसार किया जा सके तथा साथ ही इस सम्बन्ध में एक बैनर बनवाना भी सुनिश्चित करें।

अध्यक्ष महोदय द्वारा ऑडिशन समिति को यह निर्देश दिये गये कि ऑडिशन के दौरान आए हुए कलाकारों में से आवाज़–ए–हमीरपुर के लिए ए, व ए (प्लस) वाले 30 कलाकारों को चयनित किया जाए जो 16 से 30 वर्ष के बीच में हो तथा सांस्कृतिक संध्या के लिए ए, बी और बी (प्लस) वाले ही कलाकारों को चयनित किया जाए। आवाज़–ए–हमीरपुर के चयनित कलाकारों के दो राउंड ऑडिशन के दौरान करवाऐ जाऐंगे तथा तीसरा राउंड सुजानपुर होली मेला स्टेज पर करवाया जायेगा जिसमें पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले कलाकारों के लिए सम्मानजनक राशि बतौर ईनाम वितरित की जाएगी।

अध्यक्ष महोदय द्वारा जिला भाषा अधिकारी को निर्देश दिये गए कि वे राजकीय स्नातोक्तर महाविद्यालय सुजानपुर/नादौन, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर व कैरियर प्वांईट यूनिवर्सिटी भोरंज तथा अन्य रा0 महाविद्यालयों से सम्मन्वय स्थापित करके होली मेला के लिए कम से कम 10 (कलाकार प्रतिभागियों के दल) को फैशन शो के लिए तैयार करवाना सुनिश्चित करेंगें जो कि 3 मार्च 2026 को समय 6 से 7 बजे के बीच में रखा गया है, उसकी रूप रेखा 23 फरवरी तक इस कार्यालय को अवगत करवाना सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष महोदय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के कलाकार होली के पहले दिन समय 7:00–7:20 बजे तक 20 मिनट के लिए अपनी प्रस्तुति देना सुनिश्चित करे। इसके लिए संगीत, ड्रामा व नृत्य बारे रूपरेखा 23 फरवरी तक अधोहस्ताक्षरी को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

होली मेला सुजानपुर के पहले दिन दीया प्रज्जवलित और आकाश लालटेन का आयोजन शाम 6:00 बजे सुजानपुर किला से किया जायेगा जिसके लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा खण्ड विकास अधिकारी सुजानपुर और बमसन को निर्देशित किया गया वे इस सम्बन्ध में स्थानीय लोगों की सहयोग से इस आयोजन को सफल बनाने में आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

अध्यक्ष महोदय द्वारा उप निदेशक उच्च शिक्षा हमीरपुर को निर्देश दिया गया कि वे सभी महाविद्यालयों से समन्वय स्थापित करके जिला स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता बारे जोकि 2 मार्च 2026 को 12 बजे से 3 बजे के बीच में निर्धारित किया गया है बारे अपनी पूर्ण रिपोर्ट जिला भाषा अधिकारी व इस कार्यालय को दिनांक 23 फरवरी तक भेजना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर व कैरियर प्वांईट यूनिवर्सिटी भोरंज को निर्देश दिये गये कि वे सभी आपस में तथा अन्य रा0महाविद्यालयों से समन्वय स्थापित करके सुजानपुर चौगान में एक जगह सुनिश्चित करके चित्रशाला का आयोजन करें। इसके अतिरिक्त बैटल बैंड जो कि 4 मार्च 2026 को समय 12:30 से 3:00 बजे के वीच आयोजित किया जायेगा उसके लिए भी सभी उपरोक्त संस्थानों से सम्मन्वय स्थापित करके इसका

आयोजन करके इसकी पूर्ण रूप रेखा तैयार कर जिला भाषा अधिकारी व इस कार्यालय को दिनांक 23 फरवरी 2026 तक भिजवाना सुनिश्चित करें।

अन्त में अध्यक्ष महोदय ने सदन में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का कार्यक्रम को सफल बनाने बारे सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया तथा बैठक में पधारने पर धन्यवाद किया।

इसके साथ ही बैठक धन्यवाद प्रस्ताव सहित सम्पन्न हुई ।

अतिरिक्त उपायुक्त,
जिला हमीरपुर (हि0प्र0)।

पृष्ठांकन संख्याः—DCH/PA/ADC-Cultural-2026 -273-287
दिनांकः 20/2/2026
प्रतिलिपि प्रेषित हैः—

1. उप निदेशक उच्च शिक्षा जिला हमीरपुर को बराये सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू।
2. जिला कोषाधिकारी हमीरपुर को बराये सूचनार्थ हेतू।
3. जिला भाषा अधिकारी हमीरपुर को बराये सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू।
4. खण्ड चिकित्सा अधिकारी सुजानपुर को बराये सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू।
5. खण्ड विकास अधिकारी बमसन/सुजानपुर जिला हमीरपुर को बराये सुचानार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू।
6. बाल विकास एवं संरक्षण अधिकारी सुजानपुर को बराये सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू।
7. संचालक किड कैच प्ले स्कूल सुजानपुर को बराये सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू।
8. उपरोक्त उपस्थित सभी को बराये सूचनार्थ व आवश्यक कार्रवाई हेतु।

अतिरिक्त उपायुक्त,
जिला हमीरपुर (हि0प्र0)।